

# धूमधाम से मनाई गई बाबा सीताराम की 47वीं पुण्यतिथि

## पार्क निर्माण का लिया गया संकल्प

नवभारत न्यूज

**मझगवां 23 अक्टूबर, आज मझगवां में स्व. श्री सीताराम बाबा नेपाली की पुण्यतिथि के अवसर पर एक भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।**

इस भावपूर्ण अवसर पर ग्रामीणों ने सीताराम बाबा नेपाली की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए उनकी मूर्ति की स्थापना और एक पार्क के निर्माण का संकल्प लिया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभय महाजन और विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह ने की, इस अवसर पर वक्ताओं ने स्व. सीताराम बाबा नेपाली के समाज के प्रति योगदान और उनके आदर्शों को याद किया। मुख्य अतिथि अभय महाजन ने अपने संबोधन में कहा कि सीताराम बाबा नेपाली का जीवन प्रेरणादायक था और हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए, गांव के सभी लोगों ने सर्वसम्मति से यह संकल्प लिया कि स्व. सीताराम बाबा नेपाली की प्रतिमा की स्थापना के लिए सभी ग्रामीण





जन मिलकर चंदा एकत्र करेंगे और जल्द ही मूर्ति का अनावरण किया जाएगा, जिसके बाद जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह कछवाह ने इस अवसर पर एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि वह सीताराम बाबा नेपाली की स्मृति में पार्क निर्माण के लिए जिला पंचायत की राशि से पाँच लाख रुपए प्रदान करेंगे, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जा सके, इस कार्यक्रम में पूर्व महापौर सतना ममता पाण्डेय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी प्रदेश महासचिव अरुण प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष छोटू सिंह पगार, कार्यक्रम संयोजक अनिल श्रीवास्तव, मेजर भारत सिंह, सीताराम सिंह, शहीद ग्राम पिंडरा से बाबा दलगंजन प्रताप सिंह के परिवार से अभय प्रताप सिंह, राजकिशोर गौतम, हीरालाल पाण्डेय, महेंद्र सिंह, रणवीर सिंह, गुलाब सिंह, रणजीत सिंह, गुड्डन सिंह, बिश्वनाथ सोनी, अमित पाण्डेय, ईश्वरी पाण्डेय, गिरीश सिंह, पंकज प्रजापति, करन सेन, बुधराज सिंह, भईयाराम सिंह, रामजस यादव, राजबहादुर यादव, पंजाब सिंह, राकेश सिंह, प्रज्योति त्रिपाठी, कमलेश यादव, रामभरोसा यादव, सुनील कोरी, नत्थू कोरी, गौरी शंकर कोरी उपस्थित रहे।उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने सीताराम बाबा नेपाली के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का समापन सामूहिक संकल्प और ग्रामीण एकता की भावना के साथ हुआ। यह आयोजन स्थानीय समाज में स्व. सीताराम बाबा नेपाली के प्रति गहरे सम्मान और श्रद्धा को दर्शाता है।



# आकाशीय बिजली गिरने से 2 महिलाओं सहित 3 की मृत्यु, 4 गंभीर

▸ पूर्व मंत्री पीड़ित परिवार से मिले

नवभारत न्यूज

**रामनगर 23 अक्टूबर, विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन अंतर्गत रामनगर विकासखंड के दो अलग - अलग ग्रामों क्रमशः अरगट एवं हिनौता में खेत में धान कटाई का काम करने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से अरगट निवासी श्रीमती रामबाई पाल, साथ ही विकास सिंह बैस एवं हिनौता ग्राम निवासी बेटू बाई सिंगरहा का दुःखद निधन हो गया था।**

आज स्थानीय शासकीय अस्पताल रामनगर में पहुंच कर पूर्व राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल पीड़ित परिवारों से भेंट कर शोक संवेदना जताई, साथ ही देवलोकगमन हुई बहनों और युवा किशोर को अपनी दुखद श्रद्धांजलि अर्पित की। घटना में घायल हुए अन्य प्रेमवती पाल, शिवानी पाल, सुनैना पाल, भारती सिंगरहा को रीवा अस्पताल के किए रेफर किया गया था । पूर्व मंत्री ने दूरसंचार के माध्यम से मेडिकल कालेज के डीन एवं संबंधित मेडिकल स्टाफ से उनके बेहतर से बेहतर इलाज हेतु दिशा निर्देश दिया।



# पुलिस ने मानसिक रूप से अस्वस्थ बालक को परिवार से मिलाया

नवभारत न्यूज

**मैहर 23 अक्टूबर, रामनगर थाना पुलिस ने मानसिक से अस्वस्थ बालक का ना केवल ईलाज कराया बल्कि काउंसलिंग कर उसके परिजनों की जानकारी और उनकी तलाश के लिए काफी मशक्कत कर अंततः बालक परिवार को सौंप दिया। पुलिस की इस संवेदनशीलता की सर्वत्र सराहना हो रही है।**

बताया जाता है कि दिनांक 22.10.2025 को डायल 112 में आये इवेंट में कालर रामसुरेश बैस सरपंच बूढाबाउर ने सूचना दिया कि एक नाबालिग बालक मानसिक रुप से विछिप्त है , गांव वालों के साथ मारपीट कर रहा है । सूचना पर ग्राम बूढाबाउर से डायल 112 स्टाफ द्वारा मानसिक रुप से अस्वस्थ बालक को थाना रामनगर पुलिस द्वारा अपने संरक्षण में लिया गया और उसकी देखभाल की गई। पुलिस ने बालक की काउंसलिंग शुरू की और उसके परिजनों का पता लगाने के लिए प्रयास किए। इस दौरान बच्चे को दिनांक 22/10/25 को सतना अस्पताल में भर्ती कराया गया और उसका इलाज कराया गया। पुलिस ने बच्चे के परिजनों की तलाश के लिए व्यापक प्रयास किए। कड़ी मेहनत और काउंसलिंग के बाद पुलिस बच्चे के परिजनों का पता लगाने में सफल रही ।बालक के परिजन ग्राम जोबा संजयनगर थाना बदेरा के रहने वाले हैं । बालक को उसके चाचा बाबूलाल कोल को सुपुर्द किया गया। पुलिस टीम ने बालक की देखभाल और परिजनों की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी। पुलिस का यह प्रयास मानवता की सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है।

# कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

**कोठी 23 अक्टूबर, दीन सहायक संस्था कोठी के सभागार में कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विधानसभा के तीनों ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्ता शामिल हुए ।**

रैगांव विधानसभा के इस अभियान के प्रभारी बृजेंद्र शर्मा की मौजूदगी में हुई बैठक में उन्होंने अभियान के उद्देश्य को बताते हुए कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक किस प्रकार पहुंचाया जाए और जनता को हकीकत कैसे बताई जाए उसका विश्वास किस प्रकार से जीता जाए और भरोसा दिलाया जाए कि वर्तमान की जो भाजपा की सरकार है वह बेईमानी तथा वोट चोरी करके सरकार बना रही है हमारे राष्टीय नेता राहुल गांधी ने सभी तथ्यों के साथ इस बात को उजागर किया है और यह बात अब जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से इस अभियान को हम मूर्त रूप दे सकते हैं जिसमें हम सभी को मिलकर तेजी लाना है जिससे कि आगे आने वाले दिनों में हम कांग्रेस की सरकार स्थापित कर सके । पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की असली ताकत कार्यकर्ता





ही है कार्यकर्ताओं को अब नींद से जागना होगा और हनुमान बनकर अपनी शक्ति को दिखाना होगा और रावण राज कर रहे लोगों का राज खत्म करना होगा तभी रामराज्य की स्थापना हो सकती है जिस प्रकार से उपचुनाव में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपनी एकजुटता दिखाकर सरकार के चारों खाने चित कर दिए थे और 30 वर्षों बाद कांग्रेस का विधायक बनाया था उसी तत्परता मेहनत एवं लगन के साथ हम सबको मिलकर काम करना होगा यही वह समय है जब हम सब मिलकर भाजपा की जन विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाएंगे और उनके झूठ को बेनकाब करेंगे हस्ताक्षर अभियान के तहत चौपाल लगाकर सभी को कांग्रेस की विचारधारा से अवगत कराते हुए कांग्रेस के कुनबे को बढ़ाना है और सरकार बनाना है उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बातें रखी और इस अभियान को गति देने का संकल्प लिया इस दौरान वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के प्रभारी बृजेंद्र शुक्ला छोटे, पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष नलिनेंद्र मिश्र डब्बू, जिला महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू, संगठन मंत्री विनय सिंह गुड्डा सोहावल ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण सिंह ,संगठन मंत्री राममणि शुक्ला, प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री श्रीमती सरिता सिंह,वंदना बागरी, विपिन सिंह, उपभोक्ता संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता बृजेश गर्ग सोनू मंडलम अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह भैया ,अमित पयासी, अशोक शर्मा, उमाशंकर पांडे, अच्छू उरमलिया, मनीष बागरी, दीनदयाल कुशवाहा, भोला कुशवाहा, विनोद कुशवाहा ,विनोद वर्मा,वाल्मीकि बारी,शरद सेन सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाय माता मानव जीवन का आधार : अरुण सिंह बघेल

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 23 अक्टूबर, गढ़चपा गौशाला में आज गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर भगवान श्री राधा कृष्ण जी पूजा अर्चना करने के उपरांत गोवर्धन जी की पूजा, गौ पूजा करने तथा गौमाता के श्री चरणों का आशीर्वाद प्राप्त किया.**

गष प्रधान प्रतिनिधि अरूण सिंह बघेल ने बताया कि यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा प्रकृति, अन्न और गोसेवा के महत्व को उजागर करने का प्रतीक है। जो हमें



आत्मनिर्भरता, कृतज्ञता और लोककल्याण की भावना से जोड़ता है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनका आशीर्वाद हम समस्त ग्रामवासियों, क्षेत्र वासियों, जनपद वासियों एवं प्रदेश वासियों पर हमेशा बना रहे और देश, प्रदेश, जनपद चित्रकूट,क्षेत्र एवं ग्राम गढ़चपा की जनता समृद्धि, सद्भाव और शक्ति के पथ पर आगे बढ़ता रहे।


# कोठी प्रीमियर क्रिकेट लीग प्रतियोगिता का आगाज कल

▸ 6वीं अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति

नवभारत न्यूज

**कोठी 23 अक्टूबर, 1857 की क्रांति के महानायक रहे अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति छठवीं कोठी प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज 25 अक्टूबर को कोठी के खेल मैदान में होगा ।**

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच केजीएन किंग्स एवं एलाइट वॉरियर्स के मध्य होगा, 22 दिनों तक कोठी





के खेल मैदान में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का महाकुंभ चलेगा जिसमें क्षेत्र की आठ टीमें हिस्सा लेगी, टीमों को ऑकशन के माध्यम से चुना गया है जिसमें खिलाड़ियों की बोली लगाई गई थी इसके बाद क्षेत्रीय लोगों में टूर्नामेंट शुरू होने का काफी उत्साह है, क्योंकि आईपीएल की तर्ज से यह टूर्नामेंट कोठी में आयोजित किया जाता है और जीतने वाली टीम को नगद पुरस्कार राशि व अन्य इनमो के साथ पुरस्करित किया जाता है साथ ही है क्षेत्र के युवाओं को खेल में एक बेहतर मंच प्रदान करता है जिससे आगे बढ़ाने की अच्छे अवसर प्राप्त होते हैं युवाओं को अपनी प्रतिभा निकालना एवं दिखाने का एक शानदार अवसर हर वर्ष क्षेत्रीय लोगों के सहयोग से दिया जाता है आयोजक मंडल ने अधिक से अधिक खेल प्रेमियों से मैच का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

# पत्रकार सुरेंद्र द्विवेदी की माता भूरी राम चन्द्र द्विवेदी का निधन

नवभारत न्यूज

**सतना 23 अक्टूबर। वरिष्ठ पत्रकार सुरेंद्र द्विवेदी की माता जी भूरी राम चन्द्र द्विवेदी का निधन 92 वर्ष की आयु में दिनांक 16 अक्टूबर 2025 को रात्रि 6 बजे सतना डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में हो गया . माता जी का अंतिम संस्कार 17 अक्टूबर 2025 को प्रयागराज में उनके बड़े बेटे सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा मुखाग्नि दी गयी .**

उनके दो पुत्र दो पुत्रियाँ थीं . छोटे पुत्र शरद कुमार द्विवेदी पुत्री किरण तिवारी ,सुधा रामराज पांडेय और नाती अंजलि अमर द्विवेदी, प्रेम शंकर द्विवेदी ध्रुव,नातिन वंदना तिवारी, मुकेश



हिमानी द्विवेदी, पंति ओम द्विवेदी, वीर और छोटु तिवारी और बड़ी बहु सत्यभामा द्विवेदी, वंदना द्विवेदी ,चंद्रिका प्रसाद तिवारी भाई,चन्द्र भान तिवारी ,शिव कुमार तिवारी, साकेत तिवारी ,ओंकार तिवारी, संजू तिवारी, अनीश- मनीष तिवारी, रामू- श्यामु तिवारी वो अपने पीछे हरा भरा परिवार विलकते रोते छोडकर चली गयीं . माता जी का शुद्ध 26 अक्टूबर को है तथा माता जी की तेरहवीं का कार्यक्रम 29 अक्टूबर 2025 को तथा वरसी 30 अक्टूबर को संपन्न होगी. रवि तिवारी, राजा तिवारी, ठाकुर तिवारी ,सीता द्विवेदी , शिव प्रसाद द्विवेदी, पिन्टु द्विवेदी, उमेश द्विवेदी, लुलु द्विवेदी, राज बहादुर शर्मा, श्री रमाकांत शर्मा, वसंत लाल,विजय तिवारी,दामोदर प्रसाद तिवारी, शिवेन्द्र द्विवेदी, दिलीप मिश्रा, शिवम मिश्रा , लंकेश मिश्रा, आंसू मिश्रा ,अभय सिंह चौहान ,अतुल पांडेय,सुनील गौतम,श्री निवास गर्ग आदि सैकड़ों लोगों ने मृत्यु आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की , इश्वर उन्हें सेहने की क्षमता प्रदान करे मृत्यु आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान दें।

# अंबर सिंह के निधन पर कल्पना वर्मा ने व्यक्त की शोक संवेदना



नवभारत न्यूज

**कोठी 23 अक्टूबर, कांग्रेस नेता रहे वरिष्ठ समाजसेवी गोरइया ग्राम के निवासी अंबर सिंह का निधन पिछले सप्ताह हो गया है जिससे क्षेत्र में शोक की लहर है।**

आज रैगांव विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती कल्पना वर्मा उनके निज निवास गोरइया पहुंचकर शोक संतृप्त परिवार जनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रभु परिवार जनों को यह गहरा दुख सहने की शक्ति प्रदान करें उन्होंने परिवार जनों को साहस दिया इस दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू मंडलम अध्यक्ष बरहना अमित पयासी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# जले ट्रांसफॉर्मर बदलने सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 23 अक्टूबर, जनपद के मतरी पतौरा के हरिजन बस्ती के दर्जन भर पीड़ित उपभोक्ताओं ने विद्युत विभाग के कनिष्ट यंत्री को ज्ञापन सौपते कहा कि बीते 10 - 15 दिनों से हरिजन बस्ती में 100 के व्ही का लगा ट्रांसफार्मा जल जाने से मोहल्ले वासी खासे परेशान हैं.**

प्रकास पर्व दीपावली भी हम लोगो की अंधेरे में ही गुजरी, आवेदन के माध्यम से कनिष्ठ यंत्री से निवेदन किया कि कक्षा 9 वीं और 12 वीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आगामी माह से प्रारंभ हो रही है। बच्चों और मोहल्ले वासियो की समस्या को जल्द हल कराने की मांग पर कनिष्ट यंत्री का आस्वाशन जरूर मिला लेकिन अब देखना होगा कि हरिजन बस्ती का जला यह ट्रांसफार्मा कब और कितने दिनों में बदला जा रहा है । यहां एक बात उल्लेखनीय है कि अगर किसी सामान्य जब की राजनैतिक पक? तेज नही है विभाग उनके कामो में उतनी दिलचस्पी नही दिखता और वह विभाग के अक्सर चक्कर ही लगाते रह जाते हैं । बहरहाल यहां के ग्रामीणों को कनिष्ठ यंत्री के आश्वाशन पर पूरा भरोसा हुआ है कि जल्द ही उनका मोहल्ला फिर से जगमगाने लगेगा ।

# सतना विधायक ने गोलहटा पहुंच कर दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**कोटर 23 अक्टूबर,** रामपुर बाघेलान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोलहटा में पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की पूज्य माता जी के निधन उपरांत गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ने गोलहटा पहुंचकर कर परिवार जनों से मुलाकात कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



# नागौद विधानसभा के सम्मेलन में लिया गया आत्मनिर्भर भारत का संकल्प

नवभारत न्यूज

**नागौद 23 अक्टूबर, भारतीय जनता पार्टी का आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का विधानसभा नागौद का सम्मेलन वर्धन विला नागौद में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद गणेश सिंह उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय ने किया, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री श्रीमती सरोज गुजर, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण सेन, जिला





कोषाध्यक्ष एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प के जिला संयोजक जय प्रताप गुप्ता , मंडल अध्यक्ष नागौद पुलकित टंडन , मंडल अध्यक्ष जसो प्रबल प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष उचेहरा अनुराग सिंह , मंडल अध्यक्ष अटरा आशीष कुशवाहा , मंडल अध्यक्ष परसमनिया राघवेंद्र कुमार रावत , जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह , पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती कामाक्षा कुमारी , भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष प्रताप सिंह राव साहब, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यतेंद्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री एवं आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के विधानसभा सहसंयोजक श्रीकृष्ण द्विवेदी (एडवोकेट) ने किया, आए हुए अतिथियों का स्वागत पुलकित टंडन ने किया एवं आए हुए अतिथियों का एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रबल प्रताप सिंह ने किया। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडे ने सभी व्यापारी, युवा उद्यमी एवं प्रबुद्ध जन तथा कार्यकर्ताओं को आत्मनिर्भर भारत संकल्प का संकल्प दिलाया।

# राम लखन वाटिका का विधायक ने किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 23 अक्टूबर, प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री ,विधायक नागेंद्र सिंह जू देव ने वार्ड 14 बसहा तिराहे के पास विधायक निधि के अनुदान से 25 लाख की लागत से बने श्री राम लखन वाटिका का लोकार्पण किया ।**

पर्यावरण एवं स्वस्थ मनोरंजन की दृष्टि से नगर में लिए यह बड़ी सौगात मानी जा रही है ।वर्षों से यहां पार्क का आकार जरूर बना था, सतना - मैहर मुख्य मार्ग पर बनी यह वाटिका बरबस ही यहां से गुजरने वालो का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं इसके पूर्व इसी मार्ग पर कबीर पार्क का निर्माण इसी परिषद के कार्यकाल में हुआ ,कभी वीरान सी दिखने





वाली जगह में आज कबीर पार्क की रात्रि में जगमगाती लाइटे नगर के सौंदर्यीकरण को ब?ा रही है। नगर परिषद अंतर्गत विद्युत विभाग के सामने वर्षो पुराने पार्क में लगा म्यूजिक सिस्टम फब्बारा जो कभी पार्क के आकर्षण का केंद्र था समय के हिसाब से उस पार्क को भी संवारने, सजाने की जरूरत है । वाटिका के लोकार्पण समारोह में महराज कुमार क्षत्रसाल सिंह जू देव, निकाय अध्यक्ष निरंजन प्रजापति मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह ,पार्टी कार्यकर्ता परिषद के पार्षद गण कर्मचारी बंधु सहित नगर के गणमान्य जन मौजूद रहे। ।

# ईश्वर की शरणागति के बिना जीव को सुख शान्ति की प्राप्ति असम्भव : अरुण कुमार

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 23 अक्टूबर, प्रमोद वन चित्रकूट धाम में तुलसी शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा दिवाली पर चतुर्दिवसीय तुलसी रघुनाथ गाथा के भव्य दीपोत्सव के कार्यक्रम में तुलसी एवं श्री रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार द्वारा विनय पत्रिका के विभिन्न प्रसंगों पर भावविभोर करने वाले संगीतमय प्रवचन के दौरान कहा कि जीव को ईश्वर के शरणागति बिना सुख शान्ति की प्राप्ति असम्भव है।**

गोस्वामी जी के प्रसिद्ध होने के बाद उनसे





जब पूंछा गया कि आपने यह सिद्धि किस साधना के द्वारा पाई है ,तो उन्होंने भगवान शिव जी की शपथ लेकर कहा राम नाम के जप से उन्हें सर्व सिद्धि प्राप्त हुई है। गोस्वामी जी ने विनय पत्रिका में यह भी कहा है कि जप के लिए किसी विशेष विधि की आवश्यकता नहीं है ।गोस्वामी जी ने विनय पत्रिका में सर्व सुख प्राप्त करने की राम नाम जप की विधि में बताया है कि, "राम नाम मोदक सनेह सुधा पागिहै।" "पाई परितोष तू न द्वार द्वार बागिहै।।" यानि यदि व्यक्ति रामनाम रुपी लड्डू को प्रेमरूपी अमृत में पागकर खायगा तो उसे सदा के लिये परम संतोष प्राप्त हो जायगा, फिर सुख के लिये घर-घर भटकना नहीं प?ेगा। भगवान के नाम को उसी प्रकार जपना चाहिए जैसे बच्चा अपने माता पिता को पुकारता है, इस प्रकार पुकारने पर जप शीघ्र फलदायी होता है। कार्यक्रम में तुलसी शोध संस्थान के निदेशक श्रीमती मंजूषा जौहरी, जॉइंट कमिश्नर रमेश सिंह, डॉ नवल मिश्र, राघव सिंह ,रामेश्वर पटेल सहित हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।